देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 16 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**कुछ अच्छा हो जाने की उम्मीद



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 9 अप्रैल 2020



मौसम — अधिकतम 31.0° न्यूनतम 19.0°

29917.37

2 मोदी ने हनुमान की तरह पहुंचाई संजीवनी

7 भारत में टेस्ट जीतना मेरे लक्ष्यों में शामिल

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में भूकंप के हल्के झटके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
कोलकाता। पश्चिम बंगाल में कुछ जगह पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भारतीय भूगर्भ विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बुध्वार को पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में भूकंप के हल्के झटके आए हैं। रिक्टर पैमाने पर इनकी तीव्रता 4.1 दर्ज की गई। आईएमडी अधिकारियों ने बताया कि 11रू24 मिनट पर यह झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र पृथ्वी की सतह से 15 किमी अंदर, उत्तर में 23.5 डिग्री और पूर्व में 87.1 डिग्री अक्षांश, पर रहा। यह भूकंप महज कुछ सेकंड ही रहा। आईएमडी अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल से करीब 200 किमी दूर बांकुड़ा जिले में लोगों ने धरती की सतह पर कंपन को महसूस किया।

### आंध्र प्रदेश में 15 नए मामलों की पुष्टि, मरीजों की संख्या 329 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** केरल। केरल के वायनाड में तीन में से दो कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज ठीक हो गए हैं। उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार राज्य में 336 मामले सामने आए हैं। इनमें से दो लोगों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में कोरोना वायरस से 149 लोगों की मौत हो गई है। देश में अब तक 5,194 मामले सामने आए हैं।

### आवश्यक सेवा प्रबंधन को तत्काल रूप से किया गया लागू: शिवराज सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
भोपाल। मध्य प्रदेश में कोरोना वायरस के मामले बढ़ते जा रहे हैं इस बीच राज्य में आवश्यक सेवा प्रबंधन को तत्काल रूप से प्रभावी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य में कोरोना वायरस महामारी का बेहतर प्रबंधन करने के लिए आवश्यक सेवा प्रबंधन को तत्काल रूप से लागू कर दिया गया है।

# मुफ्त में हो कोरोना की जांच

## सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को सुझाव बीमारी की जांच मुफ्त होनी चाहिए

### निजी लैब को ज्यादा पैसा वसूलने से भी रोका जाए: सुको

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से कोरोना वायरस की जांच मुफ्त में कराने की व्यवस्था कराने को कहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि निजी लैब भी कोरोना टेस्ट मुफ्त में होना चाहिए। सुनवाई के दौरान अदालत ने डॉक्टरों को योद्धा बताते हुए उनके सुरक्षा के इतंजाम करने को भी कहा। सुको ने बुधवार को कहा कि निजी लैब में जांच की प्रक्रिया भी बनाई जानी चाहिए।
कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर कोरोना के योद्धा हैं। उनकी भी सुरक्षा की जानी चाहिए है। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सरकार इस मोर्चे पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में कोरोना वायरस से 149 लोगों की मौत हो गई है। देश में अब तक 5,194 मामले सामने आए हैं। इनमें से 4,643 लोगों का इलाज जारी है। 401 मरीज ठीक हो गए हैं। मंत्रालय द्वारा बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में 773 मामले सामने आए हैं और 35 लोगों की मौत हुई है।

**निजी लैब में भी हो मुफ्त में जांच:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोरोना वायरस की जांच निजी लैब में भी मुफ्त में होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस बारे में उचित आदेश पास करेगी।

**डॉक्टरों का भी रखा जाए ख्याल**
सरकार की तरफ से पश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि केंद्र सरकार कोरोना से निपटने के लिए अहम कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि पीपीई किट का तेजी से इंतजाम किया जा रहा है। इसके अलावा पॉजिटिव लोग किसी को प्रभावित न करें, इसका भी ख्याल रखा जा रहा है।



### कोरोना वॉरियर्स की हो सुरक्षा

कोरोना टेस्ट और उसके रोकथाम में लगे डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कोरोना के बीच डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा अहम है। ये योद्धा हैं और उनकी तथा उनके परिवार की सुरक्षा बेहद जरूरी है। बता दें कि अस्पताल में भर्ती तबलीगी जमात के लोगों द्वारा डॉक्टरों और नर्सों के साथ बदसलूकी की लगातार खबरें आ रही हैं।

### सरकार बोली, कोरोना से निपटने को हर कोशिश

मेहता ने डॉक्टरों के वेतन से पैसे काटने की बात को गलत बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों एवं प्राइवेट डॉक्टर्स के वेतन में किसी भी प्रकार की कटौती न करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा कि कोरोना टेस्ट के रिम्बर्समेंट के लिए सरकार एक तंत्र बनाए। इसपर सरकार की तरफ से पेश मेहता ने कहा कि वे इस मामले को देखेंगे और इसकी कोशिश करेंगे। सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया वह कोरोना से निपटने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। जस्टिस अशोक भूषण और एस रवींद्र भट की पीठ को केंद्र की ओर से बताया गया कि पहले प्रतिदिन 15,000 टेस्ट 118 द्वारा द्वारा किए जाते थे और बाद में क्षमता बढ़ाने के लिए 47 प्राइवेट लैब को कोरोना के जांच के लिए अनुमति दी गई।

## कोरोना के बढ़ते खतरे के बीच यूपी सरकार का बड़ा फैसला

# नोएडा और लखनऊ समेत 15 जिलों के हॉटस्पॉट्स सील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। कोरोना वायरस के खतरे के बीच जहां देश में लॉकडाउन किया गया है, वहीं यूपी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सूबे के 15 जिलों के कोरोना प्रभावित सभी हॉटस्पॉट्स को पूरी तरह से सील कर दिया है। इन 15 जिलों में राजधानी लखनऊ के साथ वे सभी जिले शामिल हैं जहां लगातार जमातियों या उनके संपर्क में आए लोगों की रिपोर्ट लगातार पॉजिटिव आ रही है। इन जिलों के हॉटस्पॉट्स बुधवार रात 12 बजे से 13 अप्रैल तक के लिए सील किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, यूपी की योगी सरकार ने आगरा, शामली, मेरठ, बरेली, कानपुर, वाराणसी, लखनऊ, बस्ती, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, महाराजगंज, सीतापुर, बुलंदशहर, फिरोजाबाद और नोएडा के हॉटस्पॉट्स को सील करने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, इन स्थानों के सभी घरों को सेनेटाइज किया जाएगा और यहां आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति होम डिलिवरी के जरिए की जाएगी। आपको बता दें कि ये सभी जिले कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। इनमें वे जिले शामिल हैं, जिनमें 6 से अधिक कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, यूपी सरकार 13 अप्रैल को स्थिति की समीक्षा करेगी, उसके बाद आगे का फैसला लिया जाएगा।

### दुकानों पर भी जाने पर होगी पाबंदी

सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान किसी को भी घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होगी। यहां तक कि लोगों के दुकानों पर भी जाने पर बैन रहेगा, जिनके पास कर्फ्यू पास होगा, सिर्फ वही सड़क पर निकल पाएंगे। सूत्रों ने यह भी बताया कि पूरे यूपी में बिना मास्क के 30 अप्रैल तक घरों से बाहर नहीं निकलने दिया जाएगा। वहीं 31 मई तक कोई बैंक किसी किसान को नोटिस नहीं जारी करेगा।



**पूरी तरह से सील नहीं होंगे जिले: अवनीश अवस्थी**
वहीं दूसरी ओर यूपी सरकार के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी का कहना है कि जिन जिलों में 6 से अधिक कोरोना पॉजिटिव केस है वहां के हॉट स्पॉट सील किए जाएंगे। अवस्थी के मुताबिक, इन सभी जिलों को पूरी तरह से सील नहीं किया जाएगा। हालांकि उन्होंने कहा कि इस पर विस्तृत जानकारी कुछ देर के बाद उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं टीवी रिपोर्ट्स की मानें तो इन जिलों को 30 अप्रैल तक कम्प्लीट लॉकडाउन में रखा जा सकता है।

## लॉकडाउन बढ़ाने पर पीएम ने की सर्वदलीय बैठक में चर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मौजूदा राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के विस्तार की संभावनाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह विभिन्न दलों के संसदीय दल के नेताओं के साथ बैठक की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह विभिन्न दलों के संसदीय दल के नेताओं के साथ बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में कोविड-19 स्थिति पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कई पार्टी के नेताओं के साथ बैठक की। पीएम मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में संयुक्त दलों के 5 नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस बैठक में 5 सांसदों भी शामिल हुए।
इस बैठक में कांग्रेस के जीएन आजाद, टीएमसी के सुदीप बंद्योपाध्याय, शिवसेना के संजय राउत, बीजेडी के पिनाकी मिश्रा, एनसीपी के शरद पवार, एसपी के राम गोपाल यादव, एसएडी के सुखबीर बादल, बीएसपी के एससी मिश्रा, वाईएसआरसीपी के विजय साई रेड्डी और मिथुन रेड्डी, जदयू के रेड्डी शामिल हुए।

### फैसले पर टिकी सबकी निगाहें

हालांकि, सूत्रों के मुताबिक 11 अप्रैल से पहले लॉकडाउन बढ़ाए जाने को लेकर कोई घोषणा होने की संभावना नहीं है। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुबह 11 बजे शुरू हुई, ताकि भविष्य में लॉकडाउन बढ़ाए जाने पर कोई निर्णय लिया जा सके।

## किसानों की समस्या हल करेगी सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने खेती की गतिविधियों की सुविधा के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। उन्होंने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को दी जाने वाली छूटों का कड़ाई से अनुपालन करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कृषि मंत्रालय ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है जिसमें कृषि संबंधी कार्यों और उसमें होने वाली परेशानियों की निगरानी और समाधान किया जाएगा।

### निगरानी के लिए बनाया गया नियंत्रण केंद्र

मंत्री ने कहा कि किसान अपने खेतों के पास उपज बेच सकें, इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि अन्य राज्यों और राज्य के भीतर कृषि उपज बिना बाधा के पहुंचाई जाए। बता दें कि लॉकडाउन के दौरान कृषि उपज ले जाने वाले ट्रकों की आवाजाही के लिए छूट दी गई थी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in